# ASR - 2
## PRE-FINAL EXAMINATIONS - 2023 - 2024
### Second Language - HINDI

Class : X ] (Max. Marks : 100) [ Time : 3.15 Mnts.

| शैक्षिक मापदंड | अर्थग्राह्यता-प्रतिक्रिया | अभिव्यक्ति - सृजनात्मकता | भाषा की बात | कुल |
|---|---|---|---|---|
| कुल अंक | 15 | 68 | 17 | 100 |
| प्राप्तांक | | | | |
| श्रेणी | | | | |

Name of the student : .................................................... Roll Number : ...........

*सूचनाएँ* :- 1) प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है ।
2) सभी प्रश्नों के उत्तर, उत्तर पुस्तिका में लिखिए ।
3) प्रश्न पत्र में छः भाग हैं ।

---

**भाग - I**

**I. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।** 12 x 1 = 12

1. आज का सूरज देखो कितना प्यारा है । आज का सूर्य कितना शीतल है ।
(रेखांकित शब्द का तत्सम रूप पहचानकर लिखिए ।)

2. अंतरिक्ष यान का दरवाजा धीरे - धीरे खुला ।
(क्रिया विशेषण शब्द पहचानकर लिखिए ।)

3. एक हजार पाँच सौ सताईस - (संख्याओं में लिखिए ।)

4. पहाड़ियों _____ अपने - अपने गीत हैं । (सही कारक चिह्न पहचानकर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| का | के | की |

5. भारतवासी गंगाजल के आधे कलश को गोदावरी में ऊँडेलते हैं ।
(रेखांकित शब्द का समास पहचानकर लिखिए ।)

A. तत्पुरुष समास

B. द्वंद्व समास

[ Turn Over

6. हम भारतवासी दुनिया को <u>पावन</u> धाम बनायेंगे ।
**(रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद कीजिए ।)**

7. अद्वितीय का अर्थ पहचानिए ।
A. जिसके बराबर दूसरा न हो ।
B. जिसके बराबर दूसरा हो ।

8. अंतरिक्ष यान आँखों से ओझल हो गया ।
**(मुहावरेदार शब्द पहचानकर लिखिए ।)**
A. अंतरिक्षयान
B. ओझल होना

9. महारानी आपकी जय हो । **(लिंग बदलकर वाक्य फिर से लिखिए ।)**

10. मज़दूर मेहनत करता है । **(वचन बदलकर वाक्य फिर से लिखिए ।)**

11. वे महान थे । **(वाक्य को वर्तमान काल में बदलकर लिखिए ।)**

12. तुम कैसे है ? **(वाक्य को शुद्ध कीजिए ।)**

## <u>भाग - II</u>

**II. प्रश्न पत्र संख्या 13 से 16 तक दिये गये गद्यांश, पद्यांश पढ़कर निर्देश के अनुसार उत्तर दीजिए ।**

13. **निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के सही उत्तर पहचानकर लिखिए ।**

एक छात्र के लिए सबसे महत्वपूर्ण है । उसकी अपने प्रति ईमानदारी और दूसरों के प्रति आदर का गुण । ये गुण आप को निस्संदेह आदर्श नागरिक बनायेंगे । एक छात्र होने के नाते आप जिस कक्षा में पढ़ते हो, उसमें आगे बढ़ने के लिए खूब परिश्रम करें ।

**प्रश्न :** **5 x 1 = 5**

अ) 'विद्यार्थी' - शब्द का पर्याय शब्द पहचानकर लिखिए ।

आ) 'महत्वहीन' - शब्द का विलोम शब्द पहचानकर लिखिए ।

इ) 'निस्' - उपसर्ग से जुड़ा शब्द पहचानकर लिखिए ।

ई) 'इक' प्रत्यय से जुड़ा शब्द पहचानकर लिखिए ।

उ) ये गुण आप को निस्संदेह आदर्श नागरिक बनायेंगे । (क्रिया शब्द पहचानकर लिखिए ।)

[ Contd... 3rd

14. **निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए ।** **5 x 1 = 5**

एक मनुज संचित करता है, अर्थ पाप के बल से,
और भोगता उसे दूसरा, भाग्यवाद के छल से ।
नर - समाज का भाग्य एक है, वह श्रम, वह भुज - बल है,
जिसके सम्मुख झुकी हुई, पृथ्वी, विनीत नभ - तल है ।

**प्रश्न :-**

अ) मनुज किसके बल से अर्थ संचित करता है ? [ ]

A) पाप के बल से B) भुज बल से
C) दूसरों के बल से D) अपने बल से

आ) दूसरा किसके छल से अर्थ भोगता है ? [ ]

A) भाग्यवाद B) छायावाद
C) शब्दवाद D) अनुवाद

इ) नर समाज का भाग्य क्या है ? [ ]

A) भुजबल B) पाप
C) अर्थ D) मनुज

ई) श्रम और भुजबल के सम्मुख कौन झुकी है ? [ ]

A) पृथ्वी B) पर्वत
C) नदियाँ D) बादल

उ) इस पद्यांश के कवि कौन है ? [ ]

A) निशंक B) दिनकर
C) रैदास D) पंत

15. **निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए ।**

हिंदी एक ऐसी भाषा है जो भारतीयों की साँसों में बसी है । यह सब की संस्कृति सभ्यता व गरिमा का प्रतीक है । गाँधीजी ने अपना जीवन देश की स्वतंत्रता के साथ

- साथ हिंदी की सेवा में समर्पित कर दिया था । अब हिंदी न केवल भारत की बल्कि विश्व की भाषा बन चुकी है ।

प्रश्न :- 5 x 1 = 5

अ) भारतीयों की साँसों में कौन सी भाषा बसी है ?

आ) हिंदी भाषा किसका प्रतीक है ?

इ) गाँधीजी ने अपना जीवन किसकी सेवा में समर्पित कर दिया था ?

ई) भारत के अलावा हिंदी कहाँ की भाषा बन चुकी है ?

उ) उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?

16. **निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए ।**

पेशवा की सेना हार गई, यह अच्छा ही हुआ । अब पेशवा की आँखें खुलेगी । रघुनाथ अपनी सेना को तैयार होने की आज्ञा दो । रोज़ ग्वालियर का किला नहीं ले सकेगा । और जूही तुम भी जाओ । (सहसा बाहर देखकर) लेकिन ठहरो, शायद सेनापति तात्या इधर ही आ रहे हैं ।

प्रश्न :- 5 x 1 = 5

अ) हार शब्द का विलोम शब्द पहचानिए । [ ]

A) जीत B) पराजित

C) पराक्रम D) निंदा

आ) आँखें किसकी खुलेगी ? [ ]

A) कर्नल की B) पेशवा की

C) रोज़ की D) तात्या की

इ) रोज़ क्या नहीं ले सकेगा ? [ ]

A) ग्वालियर का किला B) दिल्ली का किला

C) झाँसी का किला D) आगरा का किला

[ Contd... 5th

ई) तात्या कौन थे ? [ ]

A) राजा B) सेनापति

C) मंत्री D) महामंत्री

उ) स्वराज्य की नींव किस तरह का पाठ है । [ ]

A) एकांकी B) नाटक

C) कहानी D) पत्र

### भाग - III

**III. सूचना के अनुसार निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।** **4 x 1 = 4**

17. **जोड़ी बनाइए ।**

| | |
|---|---|
| अ) रैदास | A. माधुर्य भाव |
| आ) आर. पी. निशंक | B. राष्ट्रकवि |
| इ) रामधारी सिंह दिनकर | C. देशभक्ति |
| ई) मीराबाई | D. ज्ञानमार्गी |

18. **निम्न जानकारी पढ़कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए ।** **4 x 1 = 4**

काका कालेलकर का पूरा नाम दत्तात्रेय बालकृष्ण कालेलकर है । उनका जन्म सन् 1885 में और मृत्य सन् 1991 में हुई । इन्होंने आजीवन गाँधीवादी विचारधारा का पालन किया । इन्होंने हिंदुस्तानी प्रचार सभा, वर्धा के माध्यम से हिंदी की खूब सेवा की । वे राज्यसभा के सदस्य भी रह चुके हैं ।

A) काका कालेलकर का पूरा नाम _____ है ।

B) _____ ने आजीवन गांधीवादी विचारधारा का पालन किया ।

C) काका कालेलकर _____ के सदस्य भी रह चुके हैं ।

D) काका कालेलकर ने हिंदुस्तानी प्रचार सभा वर्धा के माध्यम से _____ की खूब सेवा की ।

[ Turn Over

## भाग - IV

IV. **निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर तीन या चार वाक्यों में लिखिए ।** **8 x 3 = 24**

19. धरती को स्वर्ग बनाने के लिए भारतवासी क्या - क्या करेंगे ?

20. श्री कृष्ण के प्रति मीरा की भक्ति भावना कैसी है ?

21. भारत में कौन से लोकगीत प्रचलित है ? वे क्या है ?

22. गोदावरी नदी के टापूओं की क्या विशेषता है ?

23. टेसी थॉमस के जीवन से हमें क्या संदेश मिलता है ?

24. शांति की परिभाषा क्या हो सकती है ? अपने शब्दों में लिखिए ।

25. अरुणा व चित्रा दोनों के स्वभाव के बारे में अपने विचार तीन - चार वाक्यों में लिखिए ।

26. अकाल की समस्या के निवारण के लिए राजा कुमार वर्मा ने क्या - क्या उपाय सोचे होंगे ?

## भाग - V

V. **निम्न लिखित निबंधात्मक प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।**

27. **किसी एक प्रश्न का उत्तर 10 - 12 पंक्तियों में लिखिए ।** **1 x 10 = 10**

अ) 'बरसात की मधुर यादें ही बरसते बादल है' । सुमित्रानंदन पंत जी की कविता 'बरसते बादल' के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(या)

आ) नीति दोहे बच्चों के जीवन पर प्रभाव डालते है । रहीम और बिहारीलाल दोहों के आधार पर अपने विचार व्यक्त कीजिए ।

[ Contd... 7th

**28. किसी एक प्रश्न का उत्तर 10 - 12 पंक्तियों में लिखिए ।** 1 x 10 = 10

अ) ईदगाह कहानी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए ।

**(या)**

आ) 'जल ही जीवन है' । जल स्त्रोतों के रख रखाव के लिए आप क्या सुझाव देना चाहेंगे ।

**भाग - VI**

**VI. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।**

**29. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए ।**

1 x 8 = 8

अ) भैया की शादी में शामिल होने के लिए पाँच दिन की छुट्टी माँगते हुए प्रधानाध्यापक के नाम पत्र लिखिए ।

**(या)**

आ) अपने द्वारा की गई किसी शैक्षणिक यात्रा का वर्णन करते हुए मित्र के नाम पत्र लिखिए ।

**30. संकेत शब्दों के आधार पर निम्न दिए गए शब्दों में से सही शब्दों को चुनकर किसी एक निबंध की पूर्ति कीजिए ।** 16 x ½ = 8

अ) पुस्तकालय

(जीवन, मित्र, कई, पुस्तकें, आत्मा, आलय, निजी, समय, महत्व, पुस्तकालय, सभ्यता, संस्कृति, ज्ञान, विद्यार्थी, देश, शुभ ।)

हमारे _____ में पुस्तकालय का बड़ा _____ है । पुस्तक और _____ नामक दो शब्दों से _____ बना है । पुस्तकालय _____ प्रकार की होती हैं । जैसे सार्वजनिक पुस्तकालय, _____ पुस्तकालय, विद्यालय पुस्तकालय आदि । पुस्तकालय में विभिन्न प्रकार की _____ संग्रह करके रखी जाती है । पुस्तकालय को विद्यालय की _____ माना जाता है । इससे _____ अपने _____ की वृद्धि कर सकते हैं । पुस्तकालय से _____ का सदुपयोग होता है । इससे हम अपनी प्राचीन _____ और _____ को जान सकते हैं । पुस्तक अच्छे _____ के समान जीवन भर काम आती हैं । पुस्तकालय _____ की उन्नति का _____ सूचक है ।

(या)

आ) आदर्श विद्यार्थी

(जीवन, अध्ययन, आदर्श, उत्तम, घर, माता - पिता, अध्यापकों, सद्‌गुणों, समय, अनुशासन, खेलकूद, स्वास्थ्य, कल, देश, नागरिक, उन्नति ।)

मानव _____ में विद्यार्थी दशा _____ मानी जाती है । विद्या का _____ करने वाला विद्यार्थी है । दूसरों के लिए आदर्श के रूप में रहने वाला _____ विद्यार्थी कहलाता है । आदर्श की नींव _____ में ही होती है । बच्चों को आदर्शवान बनाने का दायित्व _____ संरक्षक और _____ पर है । आदर्श विद्यार्थी _____ का पालन करता है । वह _____ का सदुपयोग करता है । वह _____ युक्त जीवन बिताता है । आदर्श विद्यार्थी पढ़ाई के साथ - साथ _____ और _____ पर भी ध्यान देता है । आज का विद्यार्थी _____ का _____ हैं । विद्यार्थियों पर ही _____ की _____ निर्भर है ।

# PRE-FINAL EXAMINATIONS - (2023-24)

## (SECOND LANGUAGE - HINDI )

## INITIAL KEY

कक्षाः X समयः3घंटे 15मि.

### भाग - I

**I.**निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए। **12 X 1=12**

1. ज) सूर्य
2. ज) धीरे-धीरे
3. ज) 1527
4. ज) के
5. ज) A) तत्पुरुष समास
6. ज) पौ + अन
7. ज) A) जिसके बराबर दूसरा न हो।
8. ज) B) ओझल होना।
9. ज) महाराजा आपकी जय हो।
10. ज) मज़दूर मेहनत करते हैं।
11. ज) वे महान हैं।
12. ज) तुम कैसे हो।

### भाग - II

**II. 13-** निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर अनुच्छेद में पहचानकर लिखिए। **5 X 1=5**

अ. ज) छात्र
आ. ज) महत्वपूर्ण
इ. ज) निस्संदेह
ई. ज) नागरिक
उ. ज) बनायेंगे

**14-** निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से पहचानकर लिखिए। **5 X 1=5**

अ. ज) **A**

आ. ज) **A**

इ. ज) **A**

ई. ज) **A**

उ. ज) **B**

**15-** निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य लिखिए। **5 X 1=5**

अ. ज) **भारतियों की साँसों में हिंदी भाषा बसी है।**

आ. ज) **हिंदी भाषा भारतियों की संस्कृति-सभ्यता व गरिमा का प्रतीक है।**

इ. ज) **गाँधीजी ने अपना जीवन हिंदी की सेवा में समर्पित कर दिया था।**

ई. ज) **भारत के अलावा हिंदी विश्व की भाषा बन चुकी है।**

उ. ज) **उपर्युक्त गद्यांश "अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी" पाठ से लिया गया है।**

**16-** निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से पहचानकर लिखिए **5 X 1=5**

अ. ज) **A**

आ. ज) **B**

इ. ज) **A**

ई. ज) **B**

उ. ज) **A**

## भाग - III

**III.** निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर 6 पंक्तियों में लिखिए। **2 X 4= 8**

**17.** ज)

| | |
|---|---|
| अ) रैदास | A)माधुर्य भाव |
| आ) आर.पि.निशंक | B)राष्ट्रकवि |
| इ) रामधारी सिंह दिनकर | C)देशभक्ति |
| ई) मीराबाई | D)ज्ञानमर्गी |

**18.** ज) A) काका कालेलकर का पूरा नाम दत्तात्रेय बालकृष्ण कालेलकर है।

B) काका कालेलकर ने आजीवन गांधीवादी विचारधारा का पालन किया।

C) काका कालेलकर राज्यसभा के सदस्य भी रह चुके है।

D) काका कालेलकर ने हिंदुस्तानी प्रचार सभा वर्धा के माध्यम से हिंदी की खूब सेवा की।

## भाग - IV

**IV.**निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर 3 –4 पंक्तियों में लिखिए। **8 X 3=24**

**19. धरती को स्वर्ग बनाने के लिए भारतवासी क्या-क्या करेंगे ?**

ज) **धरती को स्वर्ग बनाने के लिए भारतवासी** मन में श्रद्धा और प्रेम को दिखाना है। भेदभाव मिटाना है। निराशा को दूर कर विश्वास जगाना है। सत्य, अहिसा, त्याग और समर्पण आदि गुणों को पालन करना है।

**20. श्री कृष्ण के प्रति मीरा की भक्ति भावना कैसी है ?**

ज) यह प्रश्न 'भक्ति पद' पाठ से दी गयी है। मीरा श्री कृष्ण की उपासना करती थी। वे कृष्णमार्गी शाखा के प्रमुख कवयित्री थी । श्री कृष्ण के प्रति उनकी भक्ति माधुर्य भाव की थी। मीरा के पदों का मूल विषय है – श्रीकृष्ण के प्रति भक्ति भावना थी। मीरा की भक्ति महान और सगुण थी।

**21.भारत में कौन से लोकगीत प्रचलित है ? वे क्या है ?**

ज) **भारत में कई प्रकार के लोकगीत प्रचलित हैं। चैता, कजरी, बारहमासा, सावन आदि मिर्ज़ापुर, बनारस और उत्तर प्रदेश के रवी और बिहार के पश्चिमी जिलों में गाये जाते हैं। बाउल और भतियाली बंगाल के लोकगीत पंजाब में माहिया आदि इसी प्रकार के हैं। हीर राँझा, सोहनी-महीवाल संबंधी गीत पंजाबी में र ढोला-मारू आदि के गीत राजस्थानी में बड़े चाव से गाये जाते हैं।**

**22. गोदावरी नदी के टापुओं की क्या विशेषता है ?**

ज. **गोदावरी के टापू प्रसिद्ध हैं। कई तो पुराने धर्म की तरह जहाँ के तहाँ स्थिर-रूप होकर जमे हुए हैं और कई एक कवि की प्रतिभा की तरह क्षण-क्षण भर में स्थल की नवीनता उत्पन्न कर लेते और, नया-नया रूप ग्रहण करते हैं।**

**23. टेसी थामस के जीवन से हमें क्या संदेश मिलता है ?**

ज) बच्चों के लिए टेसी थॉमस का संदेश है- “ जो भी पढ़े, ध्यान से पढ़े। मेहनत करें और लक्ष्य प्राप्त करने तक रुके नहीं। जो उन्हें पसंद है, उसमें अपना जी-जान लगा दें। कमर कसकर तैयारी करें। सफलता अवश्य उनके कदम चूमेगी।”

24. शांति की परिभाषा क्या हो सकती है? अपने शब्दों में लिखिए ।

ज. शांति का केवल यह अर्थ नहीं कि मुख से चुप रहें। मन को नियंत्रित कर उसे बुराई के रास्ते पर चलने से रोकना ही वास्तविक ‘शांति’ है। जितना मिले उसी में खुश रहना शांति है। दुःख,पीड़ा,लालच आदि को मिटाने का साधन शांति है।

25. अरुणा व चित्रा दोनों के स्वभाव के बारे में आप क्या जानते हैं।

ज. अरुणा व चित्रा के स्वभावक में बहुत अंतर है।-

चित्रा ललितकला प्रेमी है। वह बहुत अच्छी तरह चित्रकारी करती है। चित्रा के उद्देश्य में ‘कला कला के लिए है, न कि जीवन के लिए।’ समाज में होनेवाली घटनाओं को वह अपने चित्रों में प्रदर्शित करती थी। यही उसका स्वभाव है।

अरुणा समाज सेविका है। वह बहुत अच्छी तरह समाज सेवा करती है। अरुणा के उद्देश्य में ‘ कला जीवन के लिए है, न कि कला के लिए।’ वह मानवतामूर्ति है। वह गरीब और अनाथों की मदद करती है। यही उसका स्वभाव है।

26. **अकाल की समस्या के निवारण के लिए राजा कुमार वर्मा ने क्या-क्या उपाय सोचे होंगे?**

ज राजा ने यज्ञ-याग आदि को किये होंगे। अडोस-पडोस के राज्यों से अनाज उधार लिया होगा। कई बुद्धिमानों से सलाह लिया होगा। राज भंडार का अनाज प्रजा को बाँट दिया होगा। समस्या की हल के लिए वह पडोसी राजा के पास गया होगा।

## भाग - V

**IV.**निम्न लिखित निबंधात्मक प्रश्नों के उत्तर सुचना के पंक्तियों में लिखिए।

**27.**किसी एक प्रश्न का उत्तर 15 पंक्तियों में लिखिए। **1 X 10 = 10**

अ. **बरसात की मधुर यादें ही बरसते बादल है। सुमित्रानंदन पंत जी की कविता ‘बरसते बादल’ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।**

ज) **परिचयः-**

| | |
|---|---|
| पाठ का नाम | : बरसते बादल |
| कवि का नाम | : श्री सुमित्रानंदन पंत जी |
| विधा | : कविता |
| जीवनकाल | : **1900—77** |
| रचनाएँ | : वीणा, ग्रंथि, पल्लव |

**विषय प्रवेशः-** वर्षा ऋतु हमेशा सब की प्रिय ऋतु रही है। वर्षा के समय प्रकृति की सुंदरता देखनेलायक होती है। पेड़-पौधे, पशु-पक्षी, मानव और धरती भी खुशी से नाच उठते हैं।

**विश्लेषणः-** श्रावण मास के मेघ झम-झम बरसते हैं। वर्षा की बूँदें पेड़ों से छनकर छम-छम गिरते हैं। बादलों के हृदय में बिजली चम-चम चमकती है। दिन के अंधकार में मन के सपने थम-थम जगते हैं।

वर्षा होने पर मेंढ़क टर्राते हैं। झींगुर झन-झन बजती है। मोर खुशी से कूकते हैं। चातक पक्षी पीउ-पीउ आवाज़ करते हैं। जलपक्षी गीली-खुशी से रोदन करते हैं । आकाश में मेघ घुमड-घुमड गिरकर गर्जन करते हैं।

वर्षा की बूँदों के स्वर हमसे कुछ कहते हैं। उनके छूते ही रोम सिहर उठकर मन को छू लेते हैं। धरती पर पानी की धाराएँ बहती हैं। मिट्टी के कण-कण में कोमल अंकुर फूट पडते हैं।

कवि कहता है कि- मेरा मन पानी की धाराएँ पकडकर झूलने लगता है। आओ! मुझे घेरकर सावन के गीत गाओ। हम सब मिलकर इंद्रधनुष के झूले में झूलेंगे। हमारे जीवन में मनभावन सावन बार-बार आये।

**विशेषताः-** इस कविता में कवि ने वर्षा ऋतु की प्राकृतिक सौंदर्य का सजीव चित्रण किया है।

**आ. नीति दोहे बच्चों के जीवन पर प्रभाव डालते हैं। रहीम और बिहारीलाल के दोहों के आधार पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।**

ज) **परिचयः-**

| | |
|---|---|
| पाठ का नाम | : नीति दोहे |
| कवि का नाम | : रहीम,बिहारीलाल |

**विषय प्रवेशः-** नैतिक गुणों के विकास के द्वारा ही हम अच्छे-बुरे और सही-गलत का भेद कर सकते हैं।

**विश्लेषणः-** 1. रहीम कहता है कि - संपत्ति के समय सभी हमारे मित्र बन जाते हैं। लेकिन विपत्ति के समय साथ रहने वाला ही सच्चा मित्र है। जिस प्रकार कसौटी पर परखने से ही सोने की सचाई का पता चलता है। उसी प्रकार विपत्ति के समय सच्चे मित्र की पहचान होती है।

2. रहीम कहता है कि - पानी का अर्थ होता है-'चमक, मान और जल है। चमक के बिना मोती, मान के बिना मानव और जल के बिना आटा बेकार है। इनके बिना सब कुछ बेकार है। भाव यह है कि मानव को सम्मान बनाये रखना चाहिए।

3. बिहारी कहता है कि - सोना, धतुरे से सौगुना अधिक जहरीला और नशीला होता है। क्योंकि धतुरा ता खाने से लोग पागल हो जाता है, लेकिन सोना तो पाकर ही लोग पागल हो जाते हैं। इसलिए बिहारी ने सोने की तुलना धतुरे से की होगी।

4. बिहारी कहता है कि - नर और नल के पानी की स्थिति समान है। नल का पानी जितना ही नीचे जाता है पुनः उतना ही ऊपर उठता है। उसी प्रकार मनुष्य जितना अधिक विनम्र होता है, उतना ही विकास करता हैं।

**28.**किसी एक प्रश्न का उत्तर 15 पंक्तियों में लिखिए। **1 X 10 = 10**

**अ. ईदगाह कहानी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।**

ज) **परिचयः-**

| | |
|---|---|
| पाठ का नाम | : ईदगाह |
| लेखक का नाम | : श्री प्रेमचंद जी |
| विधा | : कहानी |
| जीवनकाल | : **1880—1936** |
| रचनाएँ | : गोदान, गबन, सेवासदन |

**विषय प्रवेशः-** प्राचीन काल से ही नैतिक मूल्य भारतीय जीवन के प्रतिबिंब रहे हैं। ये हर भारतीय में समाए हैं। हम अपने बुजुर्गों का बड़ा ध्यान रखते हैं। इस कहानी में लेखक निर्धन लोग ईद मनाने की स्थिति हामिद नामक बालक के माध्यम से स्पष्ट किया।

**विश्लेषणः-** हामिद भोली सूरत का 4–5 साल का दुबला-पतला लड़का था। वह नादान बालक था। उसके माता-पिता मर गये थे। वह अपनी दादी अमीना के साथ रहता था। वह दादी से बहुत प्यार और आदर करता था।

हामिद के मित्र महमूद, मोहसिन, नूरे और सम्मी थे। मेले में महमूद-भिश्ती, मोहसिन-सिपाही, नूरे-वकील और सम्मी-धोबिन खरीदे। हामिद को ख्याल आता है, दादी के पास चिमटा नहीं है। तवे से रोटियाँ उतारती हैं तो हाथ जल जाते हैं। दादी भी बहुत प्रसन्न होती, इसलिए हामिद ने तीन पैसे से चिमटा खरीदा था।

अमीना खुशी है कि हामिद उसका ख्याल रखता है। हामिद में त्याग, सद्भाव और विवेक है। दूसरों को खिलौने लेते और मिठाई खाते इसका मन कितना ललचाया होगा। वहाँ भी अपनी दादी की याद आयी। इसलिए अमीना का मन गद्गद् हो गया।

**विशेषताः-** इस कहानी में दादी और पोते का मार्मिक प्रेम और निर्धन लोग ईल मनाने की विधि को दर्शाया गया है।

## आ. 'जल ही जीवन है।' जल स्त्रोतों के रख-रखाव करने के बारे में आप क्या सुझाव देना चाहेंगे?

**ज) परिचयः-**

| | |
|---|---|
| पाठ का नाम | : जल ही जीवन है |
| लेखक का नाम | : श्री प्रकाश |
| विधा | : कहानी |

**विषय प्रवेशः-** हमारे जीवन में जल का बड़ा महत्व है। जल से ही मानव का अस्तित्व हैं। जल ही सभी प्राणियों के जीवन का आधार हैं। जल के बिना हम जिंदा नहीं रह सकते। इसलिए जल का सदुपयोग करना चाहिए।

**जल संरक्षण के उपाय-**

- नदियों पर बाँध बनाकर पानी इकट्ठा करना है।
- पानी का सदुपयोग करना चाहिए।
- गड्ढे खोदकर वर्षा का पानी इकट्ठा करना है।
- पानी का प्रदूषण न करना है।
- बिन्दु सिंचाई का उपयोग करना है।

- पेड़-पौधों को न काटना है।
- अधिक से अधिक पौधे लगाना है।
- कल-कारखनों का जहरीला व्यर्थ नदियों में न बहाना है।
- जल को साफ़ रखना है।
- जल को गंदा न करें।

विशेषताः- जल संरक्षण करना हमारा कर्त्तव्य है। इसका सदुपयोग करें।

## भाग - VI

### V.निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर सुचना के अनुसार लिखिए।

29. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए। **1 X 8 = 8**

**अ) भैया की शादी में शामिल होने के लिए पाँच दिन की छुट्टी माँगते हुए प्रधानाध्यापक जी के नाम पर पत्र लिखिए।**

अंक विभाजनः

| | | |
|---|---|---|
| 1) स्थान | - | **1/2** अंक |
| 2) दिनांक | - | **1/2** अंक |
| 3) प्रेषक | - | **1** अंक |
| 4) सेवा में | - | **1** अंक |
| 5) संबोधन | - | **1/2** अंक |
| 6) विषय वस्तु | - | **3** अंक |
| 7) समाप्ति | - | **1/2** अंक |
| 8) भाषा – शैली | - | **1** अंक |
| कुल | - | 8 अंक |

(या)

**आ)अपने द्वारा की गई किसी शैक्षणिक यात्रा का वर्णन करते हुए मित्र के नाम पत्र लिखिए।**

अंक विभाजनः

| | | |
|---|---|---|
| 1) स्थान | - | **1/2** अंक |

2) दिनांक - **1/2** अंक

3) संबोधन - **1** अंक

4) विषय वस्तु - **4** अंक

5) समाप्ति - **1** अंक

6) भाषा – शैली - **1** अंक

कुल - 8 अंक

**30.** संकेत शब्दों के आधार पर निम्न दिये गए शब्दों में से सही शब्दों को चुनकर निबंध के रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। **1 X 8 = 8**

**अ) पुस्तकालय**

**1.जीवन , 2.महत्व , 3.आलय, 4.पुस्तकालय, 5.कई, 6.निजी, 7.पुस्तकें, 8.आत्मा, 9.विद्यार्थी, 10.ज्ञान, 11.समय, 12.संस्कृति, 13.सभ्यता,14. मित्र, 15.देश, 16.शुभ**

**(या)**

**आ) आदर्श विद्यार्थी**

**1.जीवन, 2.उत्तम, 3.अध्ययन, 4.आदर्श, 5.घर, 6. माता -पिता, 7. अध्यापकों, 8. सद्गुणों, 9. समय, 10. अनुशासन, 11. खेलकूद, 12. स्वास्थ्य, 13. कल, 14. नागरिक, 15. देश , 16. उन्नति**

Click here to visit our website
www.hamari-hindi.com

Click here to visit our website
www.hamari-hindi.com

Click here to visit our website
www.hamari-hindi.com

SCAN THIS CODE